प्रश्नपत्र संख्या

2 5 | 1 1 | 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .................................................................................... राज्य ..............................

प्रतियोगी का नाम – ........................................................ ह० ......................... अनुक्रमांक: ..........................

कुल समय : 1 घंटा | **कक्षा-ग्यारहवीं** | कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।
4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. भारत का पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है?**

(क) इंद्र देव (ख) देवर्षि अगस्त्य (ग) देवर्षि नारद

**प्रश्न 2. भारत में जनसंचार का इतिहास किस काल में मिल सकता है?**

(क) पाषाण काल (ख) पौराणिक काल (ग) मौर्य काल

**प्रश्न 3. सफल संचार के लिए क्या आवश्यक है?**

(क) भाषा का ज्ञान होना
(ख) विभिन्न भाषा का ज्ञान होना
(ग) भाषा के कोड का ज्ञान होना

**प्रश्न 4. प्राचीन काल में संदेश किस तरह दिए जाते थे?**

(क) शिलालेखों पर लेख अंकित करके
(ख) पक्षियों का सहारा लेकर
(ग) संदेश वाहको के द्वारा

**प्रश्न 5. भारत में पहला अखबार कौन-सा था?**

(क) इंडिया टुडे (ख) अमर उजाला (ग) बंगाल गजट

**प्रश्न 6. हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र कौन-सा था?**

(क) इंडिया टुडे (ख) उदंत मार्तंड (ग) बंदे भारत

**प्रश्न 7. भारत की आजादी में पत्रकारिता का क्या लक्ष्य था?**

(क) स्वाधीनता की प्राप्ति (ख) मनोरंजन (ग) क्रान्ति

**प्रश्न 8. 'निन्यान्वें के फेर में पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है-**

(क) किसी चक्कर में पड़ जाना

(ख) परिवार के झंझटों में फंसे रहना

(ग) धन जोड़ने में लगे रहना

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से लोकोक्ति चुनिए-**

(क) कमर कसना (ख) एक पंथ दो काज (ग) टांग अड़ाना

**प्रश्न 10. 'चमक उठी सन सत्तावन में वो तलवार पुरानी थी।' रस का भेद बताइए।**

(क) वीर रस (ख) भक्ति रस (ग) हास्य रस

**प्रश्न 11. 'अद्‌भुत रस' का स्थायी भाव है-**

(क) क्रोध (ख) विस्मय (ग) भय

**प्रश्न 12. जहाँ उपमेय में उपमान की समानता प्रकट की जाए, वहां कौन-सा अलंकार होता है?**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार (ख) सन्देह अलंकार (ग) उपमा अलंकार

**प्रश्न 13. छंद किसे कहते हैं?**

(क) कविता की वह रचना जिसमें वर्ण या मात्रा तथा यति का विशेष नियम हो

(ख) कविता की भाषा को

(ग) कविता की भाव-प्रधान रचना को

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में कौन-सा छंद मात्रिक छंद है?**

(क) शिखरिणी (ख) चौपाई (ग) वंशस्थ

**प्रश्न 15. दोहा छंद में कुल कितनी मात्राएं होती हैं?**

(क) 20 (ख) 24 (ग) 48

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से कौन-सा पदबंध का सही उदाहरण है?**

(क) राम गया (ख) सुंदर फूल (ग) पढ़ना

**प्रश्न 17. पदबंध की क्या विशेषता है?**

(क) यह पदों का वह समूह होता है जो किसी वाक्य का अंश होता है

(ख) यह केवल क्रिया का रूप होता है

(ग) यह पूर्ण वाक्य होता है

**प्रश्न 18. 'औरत' शब्द किस भाषा से आया है?**

(क) फारसी (ख) अरबी (ग) मराठी

**प्रश्न 19. 'ऋ' वर्ण का प्रयोग हिंदी में केवल इन शब्दों के लिए किया जाता है-**

(क) देशज शब्दों के लिए (ख) तद्भव शब्दों के लिए (ग) तत्सम शब्दों के लिए

**प्रश्न 20. बाह्य प्रयत्न के अनुसार वर्णों के दो भेद हैं-**

(क) स्वर-व्यंजन (ख) अघोष-घोष (ग) विवृत-स्पृष्ट

**प्रश्न 21. यदि विसर्ग के आगे 'च' अथवा 'छ' हो तो विसर्ग के स्थान पर होगा-**

(क) श (ख) ष (ग) स

**प्रश्न 22. 'रेखांश' में कौन-सी संधि है?**

(क) विसर्ग संधि (ख) व्यंजन संधि (ग) स्वर संधि

**प्रश्न 23. क्, च् ,ट् ,प् के आगे अनुनासिक को छोड़र कोई घोष वर्ण हो, तो उसके स्थान में क्रम से वर्ग का......................अक्षर आता है।**

(क) दूसरा (ख) तीसरा (ग) पाँचवाँ

**प्रश्न 24. दो शब्दों तथा वाक्यों को मिलाने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?**

(क) क्रियाविशेषण (ख) संबंधबोधक (ग) समुच्चयबोधक

**प्रश्न 25. किसी शब्द में प्रयुक्त सभी वर्णों को पृथक-पृथक करना कहलाता है-**

(क) वर्ण संयोजन (ख) वर्ण विच्छेद (ग) अयोगवाह

**प्रश्न 26. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन-सा है?**

(क) वार्षिकूत्सव (ख) वार्षिकौत्सव (ग) वार्षिकोत्सव

**प्रश्न 27. 'जलज' शब्द किस शब्द के लिए रूढ़ हो गया है?**

(क) चंद्रमा (ख) कमल (ग) शंख

**प्रश्न 28. अवलंब और अविलंब का अर्थ है-**

(क) सहारा और शीघ्र (ख) शीघ्र और सहारा (ग) आचरण और शीघ्र

**प्रश्न 29. लहू का पर्यायवाची इनमें से नहीं है-**

(क) रुधिर (ख) शोणित (ग) भीति

**प्रश्न 30. 'अर्वाचीन' का विलोम है-**

(क) प्राचीन (ख) स्वाधीन (ग) अव्यक्त

**प्रश्न 31. 'जीने की प्रबल इच्छा' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**

(क) जीजीविषा (ख) जिजीविषा (ग) छिद्रान्वेषी

**प्रश्न 32. किस शब्द में हम उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है-**

(क) हमदर्द (ख) हमारा (ग) हमसफर

**प्रश्न 33. किस शब्द में 'नी' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?**

(क) शेरनी (ख) मोरनी (ग) तपस्विनी

**प्रश्न 34. 'हस्तलिखित' में कौन-सा समास है?**

(क) करण तत्पुरुष (ख) अपादान तत्पुरुष (ग) अधिकरण तत्पुरुष

**प्रश्न 35. हिंदी किस भाषा-परिवार की भाषा है?**

(क) चीनी-तिब्बती (ख) भारोपीय (ग) द्रविड़

**प्रश्न 36. 'धीवर' किसका पर्यायवाची है?**

(क) धोबी (ख) केवट (ग) नाई

**प्रश्न 37. 'चपला' का समानार्थी हैं?**

(क) दामिनी (ख) ज्वाला (ग) भामिनी

**प्रश्न 38. उत्क्षिप्त ध्वनि का प्रयोग हुआ है?**

(क) आरजू में (ख) जफर में (ग) पढ़ाई में

**प्रश्न 39. कौन-सा विकल्प वैचारिक अंतर के समानार्थी शब्दों का हैं?**

(क) देखना, घूरना (ख) बेहद, असीम (ग) जल, नीर

**प्रश्न 40. इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम से हिंदी बनाया गया है?**

(क) सूचि (ख) घी (ग) घोटक

## अपठित गद्यांश

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

'तेते पाँव पसारिए जेती लॉबी सौर' वाली कहावत बड़ी सार्थक है। भविष्य को सुखमय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आय का एक अंश नियमित रूप से बचाया जाए जिससे आगे आने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति सरलता से हो सके। इस तरह सीमित खर्च करने वाला व्यक्ति मितव्ययी कहलाता है। अनावश्यक व्यय करके जो व्यक्ति धन का दुरुपयोग करता है वह फिजूलखर्च माना जाता है। वास्तव में मितव्ययिता ही बचत और संचय की कुंजी है। मनुष्य के जीवन में जो आदतें बचपन में पड़ जाती हैं वे किसी-न-किसी रूप में जीवन भर बनी रहती हैं। इसलिए बचपन से ही मितव्ययिता और बचत की आदतों का विकास आवश्यक है। कुछ बालक जेब खर्च के लिए मिले धन से भी बचत करते हैं। पैसा बचाकर अपनी-अपनी गुल्लक जल्दी-जल्दी भरने की उनमें होड़ लगी रहती है। कहा भी गया है कि एक-एक बूंद से सागर भरता है और एक-एक पैसा एकत्र करने से धन संचय होता है। देश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक

विकास के लिए शासन को धन चाहिए। धन प्राप्त करने के साधनों में जनता पर लगाए गए कर, सरकारी उद्योगों का उत्पादन, निर्यात आदि मुख्य हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण साधन बैंकों तथा डाकघरों में संचित वह धनराशि है, जिसे नागरिक राष्ट्रीय बचत योजनाओं के अंतर्गत जमा करते हैं। राष्ट्रीय विकास के कार्यक्रमों में शासन इस संचित धनराशि का उपयोग सरलता से करता है। शासन की ओर से नगरों और गाँवों में बैंकों और डाकघरों की शाखाएँ खोली गई हैं। इनमें बालक-बालिकाओं और बड़ी उम्र के लोगों को बचत का धन जमा करने की सुविधा दी जाती है। इस दिशा में डाकघरों की सेवाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

**प्रश्न 41. आय के एक अंश को नियमित रूप से बचाने से क्या लाभ हैं?**

(क) आगे आने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति सरलता से हो जाती है।

(ख) आगे आने वाली आवश्यकताओं से बचा जा सकता है।

(ग) अपने सुखों की पूर्ति की जा सकती है।

**प्रश्न 42. बचत और संचय की कुंजी किसे कहा गया है?**

(क) खर्च करने को

(ख) अपव्यय करने को

(ग) मितव्ययिता को

**प्रश्न 43. फ़िज़ूलखर्च किसे माना गया है?**

(क) मितव्ययिता को

(ख) अनावश्यक खर्च को

(ग) बचत को

**प्रश्न 44. गद्यांश में प्रयुक्त 'फ़िज़ूलखर्च' का समास विग्रह होगा-**

(क) अनावश्यक खर्च

(ख) आवश्यक खर्च

(ग) फिजूल है जो खर्च

**प्रश्न 45. निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तत्पश्चात दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प छांटकर उत्तर दीजिए।**

कथन (A): मन का स्वभाव है, चंचलता।

कारण (B): जीव पैदा होता है, कुछ वर्ष संसार में
जीता है, और मृत्यु को प्राप्त हो जाता

(क) कथन (A) तथाकारण (B) सही है

(ख) कथन (A) सही है और कारण (B) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है

(ग) कथन (A) सही नहीं है कारण (B) सही है।

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

विश्वासी का विश्वास बचाने आया।
मैं आया उसके हेतु कि जो तापित है जो विवश,
विकल, बलहीन, दीन शापित हैं।
हो जाएँ अभय वे जिन्हें कि भय भाषित हैं।
मैं आया जिनमें बनी रहे मर्यादा।
बच जाए प्रबल से मिटाना जीवन सादा।
नहीं आया दुख झेलने आया।
मैं मनुष्यत्व का नाटक खेलने आया।
एक अविलंब छोड़ने आया।
गढ़ने आया हूँ नहीं तोड़ने आया।
मैं जहाँ जोड़ने नहीं बाँटने आया।
मैं राज्य भोगने नहीं हूँ भुगाने आया।
हंसों को मुक्ता-मुक्ति चुगाने आया।
भव में नव वैभव व्याप्त कराने आया।
नर को ईश्वरता प्राप्त कराने आया।
संदेश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया।
इस भूतल को नहीं स्वर्ग बनाने आया।
अथवा आकर्षण पुण्य भूमि का ऐसा।
अवतरित हुआ मैं आप उच्च फल जैसा।

**प्रश्न 46. प्रजा की सुख सुविधाओं का ध्यान किसे रखना चाहिए?**

(क) कवि को (ख) प्रजा को (ग) शासक को

**प्रश्न 47. किस कारण से कवि क्रांति मचाने की बात कर रहा है?**

(क) संदिग्ध समाज हेतु (ख) सुख-शांति हेतु (ग) सत्ता हेतु

**प्रश्न 48. उपर्युक्त काव्यांश के लिए उचित शीर्षक है-**

(क) आर्यों का देश (ख) जन-धन (ग) स्वर्ग की महत्ता

**प्रश्न 49. 'हंसों को मुक्ता-मुक्ति चुगाने आया' का भाव है?**

(क) हंसों के सामने मोती डालना

(ख) सभी को बराबर अधिकार देना

(ग) न्याय करना

**प्रश्न 50. श्रीराम धरती पर किस उद्देश्य से आए थे?**

(क) मानवजाति का कल्याण करने

(ख) स्वर्ग पर आसीन होने

(ग) राज-काज सँभालने